भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 5473
25.03.2026 को उत्तर देने के लिए

बिना लैंगिक भेदभाव के देखभाल संबंधी गतिविधियां

5473. श्री सचिदानन्दम आर.:

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार पत्र सूचना कार्यालय की 25 फरवरी 2025 की प्रेस विज्ञप्ति में किए गए इस दावे पर कायम है कि "भारतीय परिवारों में बिना लैंगिक भेदभाव के देखभाल संबंधी गतिविधियों को अधिक मान्यता मिल रही है" और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार इस बात को उचित मानती है कि केवल 21 प्रतिशत पुरुषों की भागीदारी, जिसमें सभी पुरुषों का औसत भागीदारी प्रतिदिन मात्र लगभग 16 मिनट है, लैंगिक भेदभाव से निरपेक्ष देखभाल का पर्याप्त साक्ष्य है, जबकि 'टाइम यूज सर्वेक्षण' (टीयूएस) 2024 स्वयं यह दर्शाता है कि 79 प्रतिशत पुरूष अवैतनिक देखभाल कार्यों में बिल्कुल भी शामिल नहीं होते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संस्कृति मंत्रालय के राज्य मंत्री (राव इंद्रजीत सिंह)

(क) और (ख): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जनवरी-दिसंबर 2024 की अवधि के दौरान आयोजित टाइम यूज सर्वेक्षण (टीयूएस) 2024 की रिपोर्ट दिनांक 25 फरवरी 2025 को प्रेस सूचना ब्यूरो की प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जारी की गई। सर्वेक्षण का प्राथमिक उद्देश्य वेतनयुक्त और अवैतनिक कार्यकलापों में पुरुषों एवं महिलाओं की भागीदारी को मापना है।

टीयूएस 2024 के अनुसार, 15-59 वर्ष की आयु वर्ग में 21.4% पुरुषों और 41% महिलाओं ने घरेलू सदस्यों के लिए अवैतनिक देखभाल गतिविधियों में भाग लिया, जबकि टीयूएस 2019 के अनुसार इसी आयु वर्ग में 16.2% पुरुषों और 32.8% महिलाओं ने घरेलू सदस्यों के लिए अवैतनिक देखभाल गतिविधियों में भाग लिया।

इसके अतिरिक्त, टीयूएस 2024 के अनुसार, घरेलू सदस्यों के लिए अवैतनिक देखभाल गतिविधियों पर बिताया गया औसत समय पुरुषों के लिए प्रतिदिन लगभग 74 मिनट और महिलाओं के लिए प्रतिदिन 140 मिनट है, जबकि टीयूएस 2019 के अनुसार घरेलू सदस्यों के लिए अवैतनिक देखभाल गतिविधियों पर बिताया गया औसत समय पुरुषों के लिए प्रतिदिन लगभग 73 मिनट और महिलाओं के लिए प्रतिदिन 137 मिनट है।

*****